**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 04.03.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट के बाद आज तीन वेबिनार में भाग लेंगे।

2. डाक विभाग युवाओं के लिए यूनिसर्वल पोस्टल यूनियन अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

3. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से स्थाई कृषि पर्यटन तंत्र को बढ़ावा देने के उददेश्य से बैठक का आयोजन।

4. सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के राशनकार्ड लाभार्थियों को ई–केवाईसी पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट के बाद आज तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म्, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे।

इस वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करेगा। इस वेबिनार में नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित होगी, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि और विषय वस्तु विशेषज्ञ भी वेबिनार में भाग लेंगे।

<><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरामा स्थित फार्मों पर अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में स्थायी कृषि–पारिस्थितिकी पर्यटन तंत्र को बढ़ावा देने के उददेश्य से बैठक का आयोजन किया गया। विभिन्न संघों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों के साथ हुई इस बैठक में पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक प्रतिक्रियाएं साझा की गई। इस दौरान खेती की तकनीकों का लाइव प्रदर्शन, औषधीय पौधों पर कार्यशालाएं और स्थानीय जैव विविधिता पर आधारित इंटरेक्टिव गतिविधियां शामिल की गईं। इस एग्रो टूरिज्म पहल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। इस दौरान क्यारी के निदेशक डॉक्टर एकनाथ बी. चाकुरकर और सिप्पीघाट फार्म के प्रभारी डॉक्टर अजीत अरुण वामन ने नवीन कृषि पद्धतियों, स्वदेशी फसलों और संस्थान द्वारा विकसित पर्यावरण के अनुकूल खेती की तकनीकों का प्रदर्शन किया।

<><><><><><>

डाक विभाग की ओर से युवाओं के लिए यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता चौबीस मार्च को श्री विजयापुरम केंद्र में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय होगा "कल्पना करें कि आप महासागर हैं। किसी को पत्र लिखकर यह समझाएं कि उन्हें आपकी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करनी चाहिए।" इस प्रतियोगिता में नौ से पन्द्रह

आयु वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। पत्र अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा किसी भी क्षेत्रीय भाषा में लिखा जा सकता है। सर्किल स्तर पर विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में पच्चीस हजार, दस हजार और पांच हजार रूपए के साथ प्रमाणपत्र प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को पचास हजार, पच्चीस और दस हजार रूपए और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों से डाकघर उप–अधीक्षक कार्यालय श्री विजयापुरम में पन्द्रह मार्च तक आवेदन करने को कहा गया है।

<><><><><><>

भारत सरकार की ओर से सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के राशनकार्ड लाभार्थियों के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर ई–केवाईसी को सौ प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग ने उचित मूल्य की दुकानों, डीलरों, प्रिन्ट और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, घर–घर जाकर सर्वेक्षण और विशेष शिविरों के माध्यम से व्यापक प्रयास किए हैं। सभी राशन कार्ड लाभार्थियों से जल्द से जल्द ई–केवाईसी कराने को कहा गया है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए द्वीपसमूह के सभी उचित मूल्य की दुकानों और नागरिक आपूर्ति कार्यालय में ई–केवाईसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। जो लाभार्थी अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेश में चले गए हैं वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ई–केवाईसी करा सकते हैं। सभी लाभार्थियों से इक्तीस मार्च तक अपना ई–केवाईसी पूरा करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर बिना किसी सूचना के उनके नाम राशन कार्ड से हटा दिए जाएंगे।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से श्री विजयपुरम में पर्यटन हितधारकों और बेरोजगार युवाओं के लिए बारह दिवसीय पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह प्रशिक्षण श्री विजयपुरम में बारह मार्च से शुरू होगा। इच्छुक उम्मीदवारों से पर्यटन विभाग के वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करने को कहा गया है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन सात मार्च दोपहर तीन बजे तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के नियोजन अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

गाराचरमा के डॉ. एस राधाकृष्णन ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं के लिए चेस–इन–स्कूल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डाइट में कार्यक्रम आज सुबह नौ बजे कॉलेज के सभागार में शुरू होगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल अनिवार्य करते हुए, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल अंडमान लोक निर्माण विभाग में बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी तैयारियों की नियमित जांच करें और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए अपनी टीमों को सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विजिटर्स कान्फ्रेंस का उद्घाटन करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने वित्तीय नियम, वेतन निर्धारण, एएसीपी और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचा को भी प्रमुखता दी है। प्रधानमंत्री ने विश्व वन्य जीव संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की–**द डेली टेलीग्राम्स** की बड़ी खबर है। अखबार ने श्री विजयपुरम में आतिथ्य इकाइयों के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम की शुरूआत करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। महिला कांग्रेस की ओर से द्वीपसमूह में महिला सम्मेलन आयोजित करने के समाचार को **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। एएनएम और परामर्शदाताओं के लिए किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रशिक्षण के समाचार को **इंफो इंडिया** में जगह मिली है। क्यारी की ओर से कृषि पर्यटन पहल के लिए विभिन्न पर्यटन संघों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है। **द अण्डमान कोनिकल** ने भी इस खबर को अपनी बड़ी खबर बनाया है।

**<><><><><><><>**